भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 1760

दिनांक, 08.03.2016/18 फाल्गुन, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**द्रुत कार्रवाई बल**

1760. **श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया**:

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:

(क) क्या सरकार का देश के कुछ भागों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की द्रुत कार्रवाई बल (आरएएफ) बटालियन तैयार करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को राजस्थान में सीआरपीएफ की आरएएफ बटालियन खड़ी करने का कोई प्रस्ताव हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री किरेन रिजिजू**)

**(क): से (ख): सरकार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में 10 त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) बटालियनों की स्वीकृति प्रदान की है। ये सभी बटालियनें विभिन्न राज्यों में गठित और स्थापित की गई हैं। ऐसे स्थानों के ब्यौरे लोक हित में प्रकट नहीं किए जाते हैं।**
**(ग): से (घ): राजस्थान सरकार से जयपुर में एक नई आरएएफ बटालियन स्थापित करने के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया है कि क्या आरएएफ बटालियन की स्थापना के लिए अपेक्षित भूमि निःशुल्क उपलब्ध है।**

------